# CUH celebrated International Year of Milets-2023

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01-12-2023**

# पोषण से भरपूर हैं मोटे अनाज से बने उत्पाद

## हकेंवि में स्वयं सहायता समूह ने लगाए मोटे अनाज से बने उत्पाद के स्टॉल

संवाद न्यूज एजेंसी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के तहत वीरवार को स्वयं सहायता समूह के सहयोग से विवि परिसर में मिलेट (मोटा अनाज) उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष स्टॉल लगाई गई।

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय भोजावास गांव के जय बाबा जिंदा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित सभी सहभागियों को मिलेट आधारित विभिन्न उत्पाद क्रय के लिए उपलब्ध कराए गए।

विवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभारंभ करते हुए कहा कि अगर हम खाद्य उत्पादों में पोषकता की बात करें तो मोटे अनाज से बने उत्पाद सर्वोत्तम की श्रेणी में आते हैं, इसलिए इन उत्पादों को अपने दैनिक उपयोग में शामिल करना चाहिए। कुलपति ने स्वयं सहायता समूह के प्रयासों को सहयोग प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय में इन उत्पादों की बिक्री के लिए सहयोग का भी भरोसा दिलाया और आयोजन में सम्मिलित सहयोगी पोषण जीव विज्ञान विभाग को इस दिशा में विशेष प्रयास के लिए निर्देशित किया।



मोटे अनाज पर आधारित खाद्य उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार। स्रोत : विवि

### बाजरा, जौ के बने लड्डू रहे आकर्षण का केंद्र

प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह की ओर से उपस्थित ऊषा व शकुंतला द्वारा विभिन्न मिलेट प्रकार के मोटे अनाज से बने उत्पाद जैसे बाजरा, जौ के बने लड्डू, नमकीन व बिस्कुट आदि उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश ने कहा कि विभाग की ओर से यह प्रयास प्रमुख रूप से युवाओं को पोषण आधारित भारतीय खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना है। इस प्रदर्शनी में विभाग के डॉ. उमेश कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. तेजपाल ढेवा, डॉ. अनिता का अहम योगदान रहा।

## समानता के साथ जीने का अवसर प्रदान करता है संविधान : कुलपति

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संविधान का महत्त्व बताते हुए इसकी उद्देशिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान नागरिकों को समानता के साथ जीवन जीने का अवसर प्रदान करता है और यह समाज में समरसता स्थापित करने व देश के विकास के लिए महत्त्वपूर्ण है। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. रविंद्र कुमार व गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान, इलाहाबाद के डॉ. चंद्रैया गोपानी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन की शुरुआत संविधान की उद्देशिका का उल्लेख करते हुए की। कुलपति ने अपने संबोधन में उद्देशिका का उल्लेख करते हुए इसके प्रचार-प्रसार के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर जारी प्रयासों से भी अवगत कराया। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ व कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अंतरेश कुमार ने स्वागत भाषण व विश्वविद्यालय कुलपति का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता प्रो. रविंद्र कुमार ने भारतीय संविधान की मूल भावना से अवगत कराया। संविधान ही लोकतंत्र का आधार है। कार्यक्रम में सवाल-जवाब सत्र का समन्वयन विधि विभाग के सहायक आचार्य राकेश मीणा ने किया। इस अवसर पर प्रो. सुशीला शौर्य, डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. मुलका मारुति, प्रो. पवन कुमार मौर्य, डॉ. जितेंद्र, डॉ. शाहजहां और डॉ. सन्नी तंवर आदि उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 01-12-2023**

# मिलेट की बिक्री को लेकर लगाया स्टाल

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़**: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जारी है। आयोजनों की इसी श्रृंखला के अंतर्गत बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय परिसर में स्वयं सहायता समूह के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में मिलेट (मोटा अनाज) उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष स्टाल लगाया गया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय भोजावास गांव के जय बाबा जिंदा महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित सभी सहभागियों को मिलेट आधारित विभिन्न उत्पाद क्रय के लिए उपलब्ध कराए गए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन का शुभारंभ करते हुए कहा कि अगर हम खाद्य उत्पादों में पोषकता की बात करें तो मिलेट से बने उत्पाद सर्वोत्तम की श्रेणी में आते हैं। इसलिए इन उत्पादों को अपने दैनिक उपयोग में शामिल करना चाहिए।

कुलपति ने इस मौके पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा जारी प्रयासों को सहयोग प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न स्तर पर इन उत्पादों की बिक्री के लिए सहयोग का भी भरोसा दिलाया और आयोजन में सम्मिलित सहयोगी पोषण जीवविज्ञान विभाग को इस दिशा में विशेष प्रयास के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रयास से अवश्य ही इस क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को बल मिलेगा। विश्वविद्यालय में आयोजित इस शिविर में स्वयं सहायता समूह की ओर से उपस्थित ऊषा व शकुंतला के द्वारा विभिन्न मिलेट आधारित उत्पाद जैसे बाजरा, जौ के बने लड्डू नमकीन व बिस्कुट आदि उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश ने कहा कि विभाग की ओर से यह प्रयास प्रमुख रूप से युवाओं को पोषण आधारित भारतीय खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अंतर्गत यह आयोजन महत्त्वपूर्ण है और इस प्रयास में विभाग के डा. उमेश कुमार, डा. अश्वनी कुमार, डा. तेजपाल ढेवा, डा. अनिता का योगदान प्रमुख रहा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Gurgaon Today** **Date: 01-12-2023**

# पोषण से भरपूर है मिलेट आधारित खाद्य उत्पाद : प्रो. टंकेश्वर कुमार

- **हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अवसर पर विशेष आयोजन।**

सुरेंद्र चौधरी, गुड़गांव टुडे



**अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मिलेट पर आधारित खाद्य पदार्थों की स्टालों का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो टांकेश्वर कुमार।**

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जारी है। आयोजनों की इसी श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार विश्वविद्यालय परिसर में स्वयं सहायता समूह के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में मिलेट (मोटा अनाज) उत्पादों की बिक्री हेतु विशेष स्टॉल लगाए गए। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय भोजावास गाँव के जय बाबा जिंदा महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित सभी सहभागियों को मिलेट आधारित विभिन्न उत्पाद क्रय हेतु उपलब्ध कराए गए।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन का शुभारंभ करते हुए कहा कि अगर हम खाद्य उत्पादों में पोषकता की बात करें तो मिलेट से बने उत्पाद सर्वोत्तम की श्रेणी में आते हैं। इसलिए इन उत्पादों को अपने दैनिक उपयोग में शामिल करना चाहिए। कुलपति ने इस मौके पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा जारी प्रयासों को सहयोग प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न स्तर पर इन उत्पादों की बिक्री हेतु सहयोग का भी भरोसा दिलाया और आयोजन में सम्मिलित सहयोगी पोषण जीवविज्ञान विभाग को इस दिशा में विशेष प्रयास हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रयास से अवश्य ही इस क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को बल मिलेगा। विश्वविद्यालय में आयोजित इस शिविर में स्वयं सहायता समूह की ओर से उपस्थित ऊषा व शकुंतला के द्वारा विभिन्न मिलेट आधारित उत्पाद जैसे बाजरा, जौ के बने लड्डू नमकीन व बिस्कुट आदि उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश ने कहा कि विभाग की ओर से यह प्रयास प्रमुख रूप से युवाओं को पोषण आधारित भारतीय खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अंतर्गत यह आयोजन महत्त्वपूर्ण है और इस प्रयास में विभाग के डॉ. उमेश कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. तेजपाल ढेवा, डॉ. अनिता का योगदान प्रमुख रहा।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 01-12-2023**

# पोषण से भरपूर है मिलेट आधारित खाद्य उत्पाद : कुलपति

महेंद्रगढ़, 30 नवम्बर (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जारी है। आयोजनों की इसी श्रृंखला के अंतर्गत

## ■ हकेवि में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अवसर पर विशेष आयोजन

गुरुवार विश्वविद्यालय परिसर में स्वयं सहायता समूह के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में मिलेट (मोटा अनाज) उत्पादों की बिक्री हेतु विशेष स्टॉल लगाया गया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय भोजावास गाँव के जय बाबा जिंदा महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित सभी सहभागियों को मिलेट आधारित विभिन्न उत्पाद क्रय हेतु उपलब्ध कराए गए।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन का शुभारंभ करते हुए कहा कि अगर हम खाद्य उत्पादों में पोषकता की बात करें तो मिलेट से बने उत्पाद सर्वोत्तम की श्रेणी में आते हैं।

इसलिए इन उत्पादों को अपने दैनिक उपयोग में शामिल करना चाहिए।

कुलपति ने इस मौके पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा जारी प्रयासों को सहयोग प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न स्तर पर इन उत्पादों की बिक्री हेतु सहयोग का भी भरोसा दिलाया और आयोजन में सम्मिलित सहयोगी पोषण जीवविज्ञान विभाग को इस दिशा में विशेष प्रयास हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रयास से अवश्य ही इस क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को बल मिलेगा। विश्वविद्यालय में आयोजित इस शिविर में स्वयं सहायता समूह की ओर से उपस्थित ऊषा व शकुंतला के द्वारा विभिन्न मिलेट आधारित उत्पाद जैसे बाजरा, जौ के बने लड्डू नमकीन व बिस्कुट आदि उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश ने कहा कि विभाग की ओर से यह प्रयास प्रमुख रूप से युवाओं को पोषण आधारित भारतीय खाद्य पदार्थों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के अंतर्गत यह आयोजन महत्त्वपूर्ण है और इस प्रयास में विभाग के डा. उमेश कुमार, डॉ. अश्वनी कुमार, डा. तेजपाल ढेवा, डा. अनिता का योगदान प्रमुख रहा।



प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कुलपति टंकेश्वर कुमार।

नवोदय टाइम्स Fri, 01 December 2023
https://epaper.navodayatimes.in/c/74014632

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 01-12-2023**

## पोषण से भरपूर है मिलेट आधारित खाद्य उत्पाद

महेंद्रगढ़, सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जारी हैं। आयोजनों की इसी श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार विश्वविद्यालय परिसर में स्वयं सहायता समूह के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में मिलेट (मोटा अनाज) उत्पादों की बिक्री हेतु विशेष स्टॉल लगाया गया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय भोजावास गांव के जय बाबा जिंदा महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित सभी सहभागियों को मिलेट आधारित विभिन्न उत्पाद क्रय हेतु उपलब्ध कराए गए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 01-12-2023**

# पोषण से भरपूर है मिलेट आधारित खाद्य उत्पाद : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**आज समाज नेटवर्क**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जारी है। आयोजनों की इसी श्रृंखला के अंतर्गत गुरुवार विश्वविद्यालय परिसर में स्वयं सहायता समूह के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में मिलेट (मोटा अनाज) उत्पादों की बिक्री हेतु विशेष स्टॉल लगाया गया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय भोजावास गाँव के जय बाबा जिंदा महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों सहित सभी सहभागियों को मिलेट आधारित विभिन्न उत्पाद क्रय हेतु उपलब्ध कराए गए। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन का शुभारंभ करते हुए कहा कि अगर हम खाद्य उत्पादों में पोषकता की बात करें तो मिलेट से बने उत्पाद सर्वोत्तम की श्रेणी में आते हैं। इसलिए इन उत्पादों को अपने दैनिक उपयोग में शामिल करना चाहिए। कुलपति ने इस मौके पर स्वयं सहायता समूह के द्वारा जारी प्रयासों को सहयोग प्रदान करते हुए विश्वविद्यालय में विभिन्न स्तर पर इन उत्पादों की बिक्री हेतु सहयोग का भी भरोसा दिलाया और आयोजन में सम्मिलित सहयोगी पोषण जीवविज्ञान विभाग को इस दिशा में विशेष प्रयास हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रयास से अवश्य ही इस क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं के आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को बल मिलेगा। विश्वविद्यालय में आयोजित इस शिविर में स्वयं सहायता समूह की ओर से उपस्थित श्रीमती ऊषा व शकुंतला के द्वारा विभिन्न मिलेट आधारित उत्पाद जैसे बाजरा, जौ के बने लड्डू नमकीन व बिस्कुट आदि उपलब्ध कराए गए।

